an>

Title: Need to name the upcoming new International Airport at Navi Mumbai after late Shri D.B. Patil, an eminent public figure of Maharashtra.

श्री कपिल मोरेश्वर पाटील (भिवंडी) ः महाराष्ट्र राज्य के नवी मुंबई में नया एयरपोर्ट बनने जा रहा है, जो महाराष्ट्र के विकास के लिए और पर्यटन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण साबित होगा और महाराष्ट्र के विकास के लिए बढ़ावा मिलेगा।

30 साल पूर्व नवी मुंबई को विकास के लिए महाराष्ट्र सरकार ने सिडको प्राधिकरण बनाया और किसानों की भूमि अधिगृहित की गयी और भूमि के एवज में किसानों को पैसे के रूप में मुआवजा देने की बात सरकार ने की। लेकिन किसानों के नेता स्वर्गीय भूतपूर्व सांसद दि.बा. पाटिल ने किसानों के हित में इसे नकारा और अपने नेतृत्व में किसानों ने सरकार के खिलाफ आंदोलन छेड़ा। उस आंदोलन ने उग्र रूप धारण किया और पुलिस ने किसानों पर फायरिंग की, उसमें कई किसानों ने अपनी जान गंवाई। उसके बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री शरद पवार जी ने इस बात को ध्यान में रखकर किसानों को भूमि के बदले में 12.50 प्रतिशत विकसित भूमि देने की घोषणा की। इसमें बड़ा योगदान भी दि.बा. पाटिल जी का है। अब वही भूमि एयरपोर्ट के लिए अधिगृहीत की जा रही है। इसलिए सारे किसानों की जो मांग है, मैं सरकार तक पहुंचाना चाहता हूँ।

नवी मुंबई में जो नया एयरपोर्ट बनने जा रहा है, उस एयरपोर्ट का नाम स्वर्गीय भूतपूर्व सांसद श्री दि.बा. पाटिल जी के नाम पर रखा जाए।